मेरे बालाजी सरकार बड़े उपकारी है | By Ayojika Arora |

मेरे बालाजी सरकार बड़े उपकारी है।
जिनका है मेहंदीपुर धाम बड़े उपकारी हैं।

लाल लंगोटा हाथ में सोटा राम के आज्ञाकारी।
सीने में श्री राम समाए, शोभा अद्भुत प्यारी।
जीन को कहते है, हनुमान बड़े उपकारी हैं।

मेरे बालाजी सरकार बड़े उपकारी है।
जिनका है मेहंदीपुर धाम बड़े उपकारी हैं।

जो भी इनका ध्यान लगाए। संकट उसके पास ना आए।
हर मंगल शनिवार को दर पर आती भीड़ है भारी।
सवामणी और झोला चढ़ाएं पूजा करें तुम्हारी।
देते हर विनती पर ध्यान बड़े उपकारी है।

मेरे बालाजी सरकार बड़े उपकारी है।
जिनका है मेहंदीपुर धाम बड़े उपकारी हैं।

महिमा इनकी बड़ी निराली, पर में भर दे झोली खाली।
खड़े लाइन में सोच के सारे कब आएगी बारी।
मनचाहा वरदान पा रहे इनसे नर और नारी।
करते हैं सबका कल्याण बड़े उपकारी हैं।

मेरे बालाजी सरकार बड़े उपकारी है।
जिनका है मेहंदीपुर धाम बड़े उपकारी हैं।

राम-राम तुम रटते जाना। दर्शन देंगे तब हनुमाना।
मोहन दीवाना भक्ति कर ले, भव से तूं तर जाए।
मेरा मन भी भक्त मंडल में इनके ही गुण गाए।
इनको कोटि-कोटि प्रणाम बड़े उपकारी हैं।

मेरे बालाजी सरकार बड़े उपकारी है।
जिनका है मेहंदीपुर धाम बड़े उपकारी हैं।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%87-%e0%a4%89%e0%a4%aa/